भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

06.04.2022 के

अतारांकित प्रश्न सं. 5672 का उत्तर

अहमदाबाद से मुंबई तक बुलेट ट्रेन

5672. श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक:
श्री रविन्दर कुशवाहा:
श्री प्रतापराव जाधव:
श्री सुब्रत पाठक:
श्री रवि किशन:
श्री मनोज तिवारी:
श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:
श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:
श्री बिद्युत बरन महतो:
श्री सुधीर गुप्ता:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा अगले दो वर्षों में शुरू की जाने वाली नई ट्रेनों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार द्वारा विगत तीन वर्षों के दौरान शुरू की गई नई ट्रेनें प्रचालनशील हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान सरकार द्वारा शुरू की गई नई ट्रेनों द्वारा कुल कितना राजस्व अर्जित किया गया है;

(घ) क्या यह सच है कि विगत तीन वर्षों के दौरान शुरू की गई नई ट्रेनों से अर्जित किया गया राजस्व पहले से चल रही ट्रेनों की तुलना में अधिक है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) अहमदाबाद से मुंबई के लिए प्रस्तावित बुलेट ट्रेन की स्थिति क्या है; और

(च) क्या सरकार का अगले तीन वर्षों के दौरान देश के कुछ अनछुए/कवर नहीं किए गए भागों तक रेल संपर्क प्रदान करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (च) विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

अहमदाबाद से मुंबई तक बुलेट ट्रेन के संबंध में दिनांक 06.04.2022 को लोक सभा में श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक, श्री रविन्दर कुशवाहा, श्री प्रतापराव जाधव, श्री सुब्रत पाठक, श्री रवि किशन, श्री मनोज तिवारी, श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे, श्री श्रीरंग आप्पा बारणे, श्री बिद्युत बरन महतो, श्री सुधीर गुप्ता के अतारांकित प्रश्न सं. 5672 के भाग (क) से (च) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (च): कोविड-19 महामारी के फैलाव को रोकने के लिए भारतीय रेल ने 23 मार्च, 2020 से सभी नियमित यात्री गाड़ियों के परिचालन को बंद कर दिया और केवल सीमित ठहराव वाली विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा था। इसके अलावा, नवंबर, 2021 से युक्तिसंगत समय-सारणी के अनुसार नियमित संख्या सहित मेल/एक्सप्रेस गाडियों के परिचालन शुरु किया गया। इसके अतिरिक्त, यात्री गाड़ियों की सेवाएं चरणबद्ध तरीके से पुनः बहाल की जा रही हैं। इसके अलावा, रेल संपर्कता प्रदान करने के लिए रेल सेवाओं की शुरूआत भारतीय रेलवे पर सतत प्रक्रिया है, जो परिचालन व्यवहार्यता, गाड़ी औचित्य, प्रतिस्पर्धी मांगों आदि के अध्यधीन है।

गाड़ी-वार राजस्व अर्जन का ब्यौरा नहीं रखा जाता है। बहरहाल, पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान फरवरी, 2022 तक अर्जित कुल यात्री राजस्व और अन्य कोचिंग राजस्व निम्नानुसार है:

वर्ष	यात्री राजस्व (करोड़ रु. में) (क)	अन्य कोचिंग राजस्व (करोड़ रु. में) (ख)	कुल (करोड़ रु. में) (क+ख)
2018-19	₹ 51066.65	₹ 4474.46	₹ 55541.11
2019-20	₹ 50669.09	₹4640.79	₹ 55309.88
2020-21	₹ 15248.49	₹ 2096.74	₹ 17345.23
2021-22 (फरवरी, 2022 तक)	₹ 34186.32	₹ 4207.09	₹ 38393.41

मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल (एमएएचएसआर) परियोजना की वर्तमान स्थिति निम्नानुसार हैः-

i. वन्य जीव संबंधी, तटीय नियमन जोन (सीआरजेड) और वन संबंधी स्वीकृति के संबंध में सभी सांविधिक स्वीकृतियां प्राप्त कर ली गई हैं।
ii. लगभग अपेक्षित 1396 हैक्टेयर की कुल भूमि में से अभी तक लगभग 1248 हैक्टेयर भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है।
iii. पूरी परियोजना को, वडोदरा में स्थित प्रशिक्षण संस्थान सहित 27 अनुबंध पैकेजों में विभाजित किया गया है। वर्तमान में, 13 पैकेज दिए जा चुके हैं, 3 का मूल्यांकन किया जा रहा है और 2 पैकेजों के लिए निविदा आमंत्रित करने का नोटिस (एनआईटी) जारी किया जा चुका है।
iv. गुजरात और नगर हवेली (डीएनएच), में स्थापित कुल 352 किमी लंबाई वाली परियोजना में से, 352 किमी लंबाई में सिविल कार्य दिसंबर 2020 से विभिन्न चरणों में शुरू हो गया है।

******